हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, शुक्रवार 9 मई 2025
कुरूद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

तापमान
अधिकतम 36 डिग्री
न्यूनतम 27 डिग्री

13 न्याय दान में कुरूद सबसे अव्वल है : अजय



14 एसटीपी के उपचारित पानी से भरेंगे शहर के पांच तालाब...



## खबर संक्षेप



### आत्मानंद स्कूल भखारा में आज खुलेगी लाटरी

**अंवरी।** नपं भखारा के स्वामी आत्मानन्द स्कूल भखारा मे एडमिशन हेतु ऑनलाइन फॉर्म के लिए लॉटरी के माध्यम से सीट का आवंटन 9 मई शुक्रवार को सुबह 9 बजे एसएमडीसी के सदस्य एवं संस्था के शिक्षकगणों की उपस्थिति में होगा। प्राचार्य राजकुमार गंजीर ने पालकगणों से उपस्थित होने की अपील की है।

### पचपेड़ी और दुगली में आज समाधान शिविर

**धमतरी।** राज्य शासन की महत्वाकांक्षी सुशासन तिहार के तीसरे चरण में समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। कुरूद विकासखंड के पचपेड़ी और नगरी विकासखंड के दुगली में 9 मई को समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा। इन शिविरों में उपस्थित लोगों को उनके आवेदनों पर की गई कार्रवाई, मांगों की पूर्ति और समस्याओं पर किए गए समाधान की जानकारी विभागवार, ग्राम पंचायत वार दी जाएगी।

### ग्राम पटेल संघ की बैठक 10 को

**नगरी।** ग्राम पटेल संघ तहसील नगरी एवं बेलरगांव की संयुक्त बैठक 10 मई शनिवार को दोपहर 12 बजे शीतला मंदिर सिहावा प्रांगण में रखी गई है। तहसील नगरी एवं बेलरगांव के समस्त ग्राम पटेल से उपस्थिति की अपील ग्राम पटेल संघ अध्यक्ष मनहरण लाल साहू ने की है।

### रसायनशास्त्र की प्रायोगिक परीक्षा 12 को

**धमतरी।** बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में अध्ययनरत बीएससी व्दितीय सेमेस्टर (नियमित, प्राईवेट) के छात्र-छात्राओं के रसायनशास्त्र विषय की प्रायोगिक परीक्षा 12 मई को प्रातः 8 बजे से होगी। छात्र-छात्राएं अपनी प्रायोगिक फाइल व सामग्री के साथ उपस्थित होंगे।

यहां तैयारी करने वाले दर्जनभर छात्र आज सरकारी नौकरी में

# प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए जिला ग्रंथालय बना वरदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी





यहां की कुर्सियां खचाखच हैं। टेबल पर प्रतियोगी परीक्षाओं की बुक बिखरी हुई है। कोई प्रतियोगिता दर्पण, घटना चक्र, क्रानिकल, मैगजीन समाचार पत्रों में खोया हुआ है तो कोई अपने सब्जेक्ट को याद करने मन ही मन बुदबुदा रहा है। कुछ तो वाईफाई इंटरनेट के माध्यम से मोबाइल पर अपने विषय का ज्ञान अर्जित कर रहे हैं । हम बात कर रहे हैं रत्नाबांधा स्थित नवीन जिला ग्रंथालय का । यह ग्रंथालय प्रतियोगी परीक्षा के छात्रों के लिए वरदान साबित हो रहा है। यहां कम्पिटिशन परीक्षा की तैयारी करने वाले दर्ज़न भर छात्रों को 2 साल में सरकारी नौकरी मिल गई है।

दुर्ग पॉलीटेक्निक कॉलेज में व्याख्याता की नौकरी पाने वाली कुमारी सुषमा साहू, रेलवे नागपुर डिवीजन में दूरसंचार सहायक की जॉब करने वाले रुद्री निवासी निक्की सोनकर ने ग्रंथालय के रजिस्टर में अपने विचार शेयर करते हुए लिखा है कि वह सोचते थे कि घर पर ही पढ़ाई करना ठीक है । ग्रंथालय में कहां पढ़ाई हो पाएगी। उसे प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए सभी विषयों की बुक मिलने की जानकारी लगी तो ग्रंथालय की मेंबरशिप ले ली। ग्रंथालय में आना शुरू किया तो उसे ग्रंथालय में पठन-पाठन का अच्छा माहौल लगा और वहां रोजाना घंटों पढ़ाई करने लगा। तब पता चला कि घर से अच्छी पढ़ाई ग्रंथालय में हो रही है। उन्होंने नवीन जिला ग्रंथालय में पढ़ाई की बेहतर सुविधा के लिए शासन प्रशासन का आभार माना है। ग्रंथपाल हरि शंकर राव ने बताया कि ग्रंथालय में प्रतियोगी परीक्षा के विषयवार सहित साहित्य की 20000 से अधिक बुक हैं 10000 पुस्तक सीरियल नंबर से हैं। 740 पुस्तकें नगर निगम से मिली हैं। 2884 पुस्तकें डोनेटेड हैं। वहीं ए सीरीज की 5235 बुक है। उन्होंने बताया है बताया कि ग्रंथालय में सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक करीब 200 छात्र परीक्षा की तैयारी के लिए पढ़ने आते हैं जिसमें कांकेर, बालोद, दुर्ग जिले के छात्र भी शामिल हैं। ग्रंथालय के रजिस्टर में छात्र बुक की डिमांड लिखते हैं जिसकी लिस्ट तैयार कर खरीदी की जाती है। हाल ही में 2025 की लेटेस्ट बुक की खरीदी की गई है जिसका बजट लगभग 60000 रूपए था।

वर्तमान में आशीष कुमार ने फणीश्वर नाथ रेणु का मैला आंचल नावेल, आकांक्षा यादव ने एडीईओ का विकाशो और टूटेजा लेखन की बुक, अभिषेक साहू ने मैकेनिकल, इंजीनियरिंग पदार्थ, प्रौद्योगिकी थर्मल, टेमन कुमार ने पांचजन्य पत्रिका मैगजीन, योगेश शांडिल्य ने सीजीपीएससी की लेटेस्ट बुक, पनेश कुमार ने इंजीनियरिंग के लिए हिंदी मध्यम बुक की मांग की है जिसकी लिस्ट तैयार कर प्रोसिजर किया जाएगा।

### ग्रंथालय में सुविधाओं की दरकार

ग्रंथालय में पढ़ाई कर रहे छात्रों ने बताया कि ग्रंथालय के ग्राउंड फ्लोर में टेबल कुर्सी तो पर्याप्त है लेकिन फर्स्ट फ्लोर की अधिकांश कुर्सियां टूटी हुई हैं। यहां लगभग 50 कुर्सी की सख्त आवश्यकता है। मोटरसाइकिल पार्किंग स्थल का कांक्रीटीकरण होना चाहिए। पार्किंग के लिए छात्रों को भटकना पड़ता है। ग्रंथालय में फायर सिलेंडर की आवश्यकता है गर्मी में कूलर की और जरूरत है। छात्रों ने बताया कि वाई-फाई का सिग्नल डाउन हो जाता है जिसे और पावरफुल करना चाहिए। ग्रंथालय का और विस्तार किया जाना चाहिए।

# पीपीएचटी परीक्षा में 37 प्रतिशत छात्र अनुपस्थित रहे




शहर के तीन केन्द्रों में दो पाली में हुई परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

गुरूवार को शहर के तीन केन्द्रों में पीपीएचटी की परीक्षा दो पाली में संपन्न हुई। 1090 परीक्षार्थियों में से 421 छात्र अनुपस्थित रहे। पीजी कॉलेज के प्राचार्य एवं परीक्षा को-आर्डिनेटर विनोद कुमार पाठक ने बताया कि पीपीएचटी परीक्षा शहर के तीन केन्द्रों में दो पाली में हुई। पहली पाली में परीक्षा सुबह 9 बजे से 12:15 तथा दूसरी पाली में 2 बजे से 5:15 बजे तक हुई।

उन्होंने बताया कि पीजी कॉलेज में परीक्षार्थियों की संख्या 400 थी, जिसमें से 297 उपस्थित तथा 223 अनुपस्थित थे। नारायणराव मेघावाले गवर्नमेंट गर्ल्स कॉलेज में परीक्षार्थी की कुल संख्या 360 थी, जिसमें से 239 उपस्थित तथा 221 अनुपस्थित थे। शिवसिंह वर्मा गर्ल्स स्कूल में 250 परीक्षार्थियों में से 173 छात्रों ने परीक्षा दिलाई तथा 77 छात्र अनुपस्थित रहे।

# धान की फसल पर आफत की बारिश

**धमतरी।** बैसाख के महीने में भादो की बारिश ने किसानों के माथे पर शिकन ला दी है। पिछले सप्ताह भर से शाम होते ही गरज-चमक के साथ बारिश हो रही है। गुरुवार को हुई घंटों झमाझम बारिश ने किसानों की कमर तोड़ दी।

▪ जिले के 25000 हेक्टेयर में ली गई है फसल, मुआवजे की मांग

पश्चिमी विक्षोभ ने अंचल में कहर मचा दिया है। गुरुवार दोपहर 3 बजे मौसम ने करवट ली और हवा तूफान, गरज चमक के साथ झमाझम बारिश शुरू हो गई। 2 घंटे की लगातार बारिश के बाद कुछ समय के लिए थमी, लेकिन रुक-रुककर बारिश का दौर शुरू हो गया। देर रात तक बारिश होते रही। किसान नेता घनाराम साहू, सुदर्शन ठाकुर ने बताया कि पहले ही हवा तूफान, बारिश से किसानों की फसल को नुकसान पहुंचा था, लेकिन गुरुवार को हुई भारी बारिश ने किसानों की कमर तोड़ दी है। जिले में करीब 25000 हेक्टेयर में धान की फसल ली गई है। कटाई मिंजाई का प्रारंभिक दौर है। खेतों में फसल लहलहा रही थी लेकिन भारी बारिश और आंधी से धान की फसल लेट गई है। इसी तरह मूंग और उड़द फसल को भी नुकसान पहुंचा है। किसानों ने शासन-प्रशासन से फसल सर्वे कर मुआवजा दिलाने की मांग की है।

# तेज रफ्तार कार ने बाइक को ठोकर मारी, तीन घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



▪ चिटौद मोड़ के पास हुई घटना

शादी कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे बाइक सवारों को तेज रफ्तार कार ने ठोकर मार दी। हादसे में तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।

अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम खपरी निवासी कुन्दन ध्रुव पिता चन्द्र कुमार उम्र 34 वर्ष गांव के झम्मन ध्रुव पिता संतराम उम्र 23 वर्ष व चन्द्रशेखर ध्रुव पिता शत्रुघन उम्र 23 वर्ष के साथ बुधवार की रात्रि शादी कार्यक्रम में शामिल होने बाइक क्रमांक सीजी 19 क्यू 0526 से ग्राम आनन्दपुर-पुरूर जा रहे थे। युवकों की बाइक श्यामतराई पार कर चिटौद मोड़ से गुजर रही थी। इसी दौरान पुरूर की तरफ से आ रही तेज रफ्तार कार क्रमांक सीजी 05 एपी 1481 के चालक ने बाइक को सामने से जोरदार ठोकर मार दी। कार की टक्कर से सवार तीनों युवक बाइक सहित सड़क के किनारे फेंका गये। इस घटना में कुंदन के दायें पैर व घुटने में चोट लगी है। वहीं झम्मन के सिर व उसका दांया पैर फ्रैक्चर हो गया है। चन्द्रशेखर की जांघ में चोट लगी है। मोहन रजक की सूचना पर रक्तदान संस्था के शिवा प्रधान, डुमन साहू, पुरूर पुलिस के हाईवे पेट्रोलिंग ने घायलों को उपचार के लिये जिला अस्पताल पहुंचाया। घायलों को वार्ड में भर्ती किया गया है।

# ट्रांसफार्मर का केबल नाली के भीतर पहुंचा, हादसे की आशंका



**धमतरी।** रत्नाबांधा चौक की नाली आगे छत्रपति शिवाजी चौक के पास से जाम है, जिसके कारण नाली का पानी ट्रांसफार्मर को कभी भी छू सकता है और किसी बड़े हादसे का कारण बन सकता है। ट्रांसफार्मर का केबल नाली के पानी के अंदर तक जा चुका है। नागरिकों ने नगर निगम और सीएसईबी से इसे संज्ञान में लेकर तत्काल राहत प्रदान करने की मांग की है।

# चोरी की बाइक के साथ आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



▪ कोतवाली पुलिस की कार्रवाई

घर के सामने खड़ी बाइक की चोरी कर घूम रहे युवक को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम तेलीनसत्ती निवासी महेन्द्र सिन्हा पिता ओंकार उम्र 35 वर्ष जोधापुर में किराये के मकान में रहता है। 11 अप्रैल को महेन्द्र भटगांव निवासी अपने दोस्त अरूण देवांगन से उसकी बाइक क्रमांक सीजी 05 6752 को काम के सिलसिले में मांगकर लाया था। युवक बाइक को किराये के मकान के सामने खड़ी कर खाना खाने भीतर चला गया। इसी दौरान अज्ञात चोर घर के सामने खड़ी बाइक की चोरी कर ले गया। भोजन करने के बाद युवक बाहर निकला तो बाइक वहां पर नहीं थी। महेन्द्र ने मकान मालिक सूरज सेन व वासुदेव सेन को घटना की जानकारी दी। मकान मालिक ने अपने घर में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज को चेक किया। फुटेज में गजेन्द्र बांधे पिता प्रकाश उम्र 19 वर्ष द्वारा उक्त बाइक को चोरी कर ले जाते पाया गया। पीड़ित महेन्द्र ने 7 मई को सिटी कोतवाली पहुंचकर घटना की शिकायत की। कोतवाली पुलिस सीसीटीवी फुटेज व पीड़ित के बयान के आधार पर आरोपी की तलाश में जुट गई। इसी दौरान आरोपी गजेन्द्र बांधे को चोरी की बाइक में अपने घर के सामने घूमता हुआ पकड़ा गया। आरोपी ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। पुलिस ने कोतवाली थाना में धारा 303-2 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर आरोपी गजेन्द्र बांधे को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेज दिया है।

# नहर पुल में अवैध रुप से शराब बेचते आरोपी पकड़ाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

▪ मगरलोड पुलिस की कार्रवाई

मगरलोड पुलिस ने नहर पुल के पास अवैध रूप से शराब की बिक्री कर रहे आरोपी को रंगेहाथ पकड़ उसके कब्जे से 38 पौवा देशी शराब जब्त की है। मुखबिर की सूचना पर मगरलोड पुलिस ने ग्राम भरदा नहर पुल के पास बोड़रा में दबिश दी जहां एक युवक को अवैध रूप से शराब की बिक्री करते पाया गया। युवक को पकड़कर पूछताछ की गई। आरोपी ने अपना नाम कुंजल कंवर पिता मदन उम्र 35 वर्ष ग्राम रांकाडीह थाना मगरलोड निवासी बताया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 38 पौवा देशी प्लेन शराब कीमत 1040 रुपए जब्त की। आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट 34/2 के तहत कार्रवाई की गई है।

पंचायत पदाधिकारी एवं ग्रामीणों की बगैर सहमति से रेत खदान को बेचने का मामला

# सीएम से मिलने जा रहे गिरौद के ग्रामीणों को पुलिस ने रोका

हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड







### समझाइश पर लौटे ग्रामीण

मनोज भारद्वाज तहसीलदार मगरलोड ने बताया कि रेत खदान बंद कराने ग्राम गिरौद के सैकड़ों ग्रामीण मुख्यमंत्री से मिलने जा रहे थे। ग्रामीणों को समझाया गया कि कुछ प्रतिनिधि मुख्यमंत्री से मिलकर अपनी बात रख सकते हैं। भीड़ जुटाकर जाना उचित नहीं है। ग्रामीण सुझाव से सहमत होकर वापस गांव लौट गए हैं।

### पुलिस बल व प्रशासनिक अधिकारी रहे तैनात

ग्राम गिरौद में संचालित रेत खदान विवाद की जड़ बन गई है। रेत खदान को बंद कराने गांव में लगातार बैठकें हो रही हैं। गांव का वातावरण तनावपूर्ण हो गया है। ग्रामीणों को समझने अधिकारी जुटे हुए हैं। 8 मई को सुबह से शाम तक धमतरी, कुरूद, मगरलोड, बिरेझर, करेली बड़ी की पुलिस सहित एसडीओपी, अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार गिरौद में जमे हुए थे।

ग्राम गिरौद की रेत खदान से अवैध खनन एवं परिवहन ठेकेदार द्वारा किया जा रहा है। इसके विरोध में गांव मेंलगातार 15 दिनों से बैठक चल रही है। अवैध खनन को बंद कराने ग्राम गिरौद के सैकड़ों महिला, पुरुष 8 मई को सुबह 8 बजे मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपने के लिए निकले थे। गांव से 1 किलोमीटर दूर ग्राम अरौद में पुलिस ने गांव वालों को रास्ते में ही रोक दिया।

गिरौदवासियों ने बताया कि ग्राम पंचायत पदाधिकारी एवं ग्रामीणों की बगैर जानकारी के गांव की रेत खदान को ठेकेदार के पास बेच दिया गया है। ठेकेदार द्वारा 24 घंटे चेन माउंटेन मशीन से रेत का खनन कर परिवहन किया जा रहा है। इससे ग्राम गिरौद सहित आसपास के गांव में जलस्तर गिर गया है। गांव के हित में रेत खदान को बंद करने कलेक्टर, तहसीलदार, माइनिंग से मांग की गई थी।लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। गिरौद रेत खदान का प्रशासनिक स्तर पर टेंडर दिया गया है। इससे पूर्व भी टेंडर के माध्यम से ठेकेदार द्वारा रेत खनन कर परिवहन किया जा चुका है।

पाठक सूचना
धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768 9098324969

## खबर संक्षेप

### दरबा स्कूल में खुशी अव्वल रही



जीजामगांव। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दरबा की कक्षा 10वीं की छात्रा ख़ुशी साहू पिता डॉ. सुरेशकिरण साहू मुरा ने 88 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इस उपलब्धि पर पालक और शिक्षकों ने हर्ष व्यक्त किया है।

### मौरीखुर्द में पांचवीं का परीक्षा परिणाम घोषित

मगरलोड। शासकीय प्राथमिक शाला मौरीखुर्द में कक्षा पांचवीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिज्ञासा पिता तीरथराम साहू 92.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान पर रही है। हंचल पिता गोविंद राम साहू ने 88 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। उत्तीर्ण सभी विद्यार्थियों को प्रधानपाठक, शिक्षकगण, शाला विकास समिति एवं ग्रामवासियों ने शुभकामनाएं दी हैं।

### हार्दिक, भूमि कक्षा में रहे अव्वल





सिर्री। स्वामी आत्मानंद चर्रा स्कूल में कक्षा छठवीं के विद्यार्थी हार्दिक साहू पिता भूपेंद्र साहू निवासी सिवनीकला 89 प्रतिशत प्राप्त कर कक्षा में अव्वल रहे। उन्होंने परिजनों, स्कूल का नाम रोशन किया है। वहीं कक्षा तृतीय में पढ़ाई कर रहे भूमि साहू पिता भूपेंद्र साहू निवासी सिवनीकला 93 प्रतिशत प्राप्त करके कक्षा में अव्वल रही। डा. बीरेंद्र साहू, कीर्ति साहू सहित अन्य ग्रामीणों ने इनके उज्वल भविष्य की कामना की।

### 12वीं में एकता, 10वीं में गगन प्रथम











नगरी। पीएमश्री शासकीय श्रृंगी ऋषि उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय नगरी का बोर्ड परीक्षा परिणाम जारी किया गया। दसवीं का परीक्षा परिणाम 75.71 प्रतिशत तथा कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम 60 प्रतिशत रहा। कक्षा दसवीं में प्रथम स्थान पर गगन कुमार साहू पिता राजीव साहू 90.16 प्रतिशत , द्वितीय स्थान पर मधुलता ध्रुव पिता गिरीश कुमार ध्रुव 88.6 प्रतिशत, तृतीय स्थान पर रूपांशी नेताम पिता ईश्वर कुमार 81.33 प्रतिशत रहा। इसी प्रकार कक्षा 12वीं में प्रथम स्थान पर एकता निषाद पिता अश्विनी निषाद 79 प्रतिशत, द्वितीय स्थान पर हिमांशी साहू पिता मुकेश कुमार साहू 77.8 प्रतिशत और तृतीय स्थान पर नित्यानंद साहू पिता वासुदेव साहू 76.6 प्रतिशत रहा। प्राचार्य एवं शाला परिवार ने उत्तीर्ण परीक्षार्थियों के उज्वल भविष्य की कामना की।

### जुंबा डांस में थिरके पीजी कालेज के छात्र-छात्राएं

धमतरी। बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव शासकीय स्ना. महा. में फिट फ्यूजन कार्यक्रम हुआ। छात्रा अपर्णा शर्मा एवं भावना साहू ने जुंबा डांस कराया। प्राचार्य डॉ. वीके पाठक ने बताया कि जुम्बा एक ऐसा व्यायाम है जिसमें लैटिन अमेरिकी नृत्य की विभिन्न शैलियों से प्रेरित होकर संगीत के साथ व्यायाम किया जाता है। यह एक समूह व्यायाम है जिसमें साल्सा और एरोबिक्स का संयोजन होता है। वाणिज्य संकाय के विभाग अध्यक्ष प्रो. अमरसिंह साहू ने कहा कि जुम्बा पूरे शरीर को कसरत प्रदान करता है, जो हृदय स्वास्थ्य में सुधार, लचीलापन बढ़ाने और ताकत बनाने के लिए वैज्ञानिक रूप से सिद्ध है।

दसवीं में सौरभ 6वां और समीर ने 9वां स्थान प्राप्त किया

# जनप्रतिनिधियों ने जिले के टॉपरों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री



माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा 7 मई को कक्षा दसवीं और बारहवीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। कक्षा दसवीं में सौरभ जोशी पिता डूमन जोशी ग्राम बुड़ेनी तहसील मगरलोड ने 98.33 प्रतिशत प्राप्त कर टॉप टेन के छठवें स्थान पर अपना नाम दर्ज किया। इसके अलावा समीर साहू पिता भुवन साहू निवासी ग्राम चरममुड़िया तहसील कुरुद ने 97.83 प्रतिशत प्राप्त कर टॉप टेन में 9वां स्थान प्राप्त कर अपने परिजनों सहित स्कूल व जिले का नाम रोशन किया है।

जिपं उपाध्यक्ष गौकरण साहू, श्याम साहू पूर्व जनपद अध्यक्ष, विरेंद्र साहू अध्यक्ष जपं मगरलोड, थानेश्वर तारक महामंत्री सिर्री मंडल, डागेश्वर सोनकर पूर्व सरपंच संघ अध्यक्ष, खेमू साहू सरपंच, बिंदा निषाद उपसरपंच व ग्रामवासी उत्तम निषाद, घासीराम साहू, विनय दुबे, शंकर साहू, दादू देवांगन ने होनहार विद्यार्थियों के घर पहुंचकर सम्मानित किया। पुष्पगुच्छ भेंटकर मुंह मीठा कराया। ग्राम चरमुड़िया में उर्वशी बांधेकर जनपद सदस्य, वेदबाई अध्यक्ष यादव समाज, नीलम राजेंद्र गोस्वामी पूर्व सरपंच, शशि बांधेकर आंगनबाड़ी सहायिका, शाउमावि चरमुडिया प्राचार्य आरके, पूर्व प्राचार्य एचपी शर्मा, शिक्षकगण सुनीता ठाकुर, ममता सोनटके, यशोदा साहू, विद्या सोनी, जयंत साहू, प्रभाकर सिंह, लेखराम साहू ने भी उनके निवास पहुंचकर शुभकामनाएं दीं।

समीर साहू के पिता भुवन साहू राइस मिल में मुंशी का काम करता है। उनकी मां गृहणी है। एक सामान्य परिवार के विद्यार्थी ने टॉप टेन में स्थान बनाकर जिले का नाम रोशन किया है। उन्हें गणित में 100 अंक, सामाजिक विज्ञान में 100 अंक, विज्ञान में 99 अंक, अंग्रेजी में 99 अंक, हिंदी में 99 अंक, संस्कृत में 90 अंक मिले। वहीं सौरभ पिता डोमन जोशी को गणित में 100 अंक, हिंदी में 99 अंक, संस्कृत में 99 अंक, अंग्रेजी में 98 अंक प्राप्त हुआ है।

शिक्षकों ने गौकरण साहू उपाध्यक्ष जिपं धमतरी सभापति शिक्षा विभाग को चरमुड़िया हाईस्कूल में केमिस्ट्री व फिजिक्स विषय के शिक्षक की कमी बताई। श्री साहू ने इस समस्या का निराकरण करने का आश्वासन दिया।

# प्रबोधन कार्यक्रम में जाना नगर को कैसे स्वच्छ व सुंदर बनाना है

- कार्यशाला में नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी



प्रदेश के सभी नगर पंचायत के अध्यक्ष एवं सीएमओ, इंजीनियर का प्रबोधन कार्यक्रम रायपुर के एक होटल में आयोजित किया गया। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग की ओर से छत्तीसगढ़ के शहरों का रूपांतरण स्वच्छ सुंदर एवं सुविधा पूर्ण शहर नगर सुराज संगम 2025 सुशासन में वृद्धि की ओर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं उपमुख्यमंत्री एवं नगरीय निकाय मंत्री अरुण साव का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। उपमुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि मरीन ड्राइव की तर्ज पर नगर पंचायत के तालाबों को भी संवारा जाएगा। तालाबों में स्वच्छता रहेगी। नगरीय निकायों द्वारा संचालित कर एवं यूजर चार्ज की वसूली कमी दिखती है जिसे अध्यक्ष एवं अधिकारी मिलकर वार्षिक भाड़ा मूल्य तय कर वसूली अभियान पर अपना सहयोग करें। हमारा लक्ष्य होना चाहिए कि अपने शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाना। उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने सभी नगर पंचायत के अध्यक्ष से उनके निकाय क्षेत्र की बड़ी समस्या को जानने का प्रयास किया।

नगरी नगर पंचायत के अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा ने नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 1 से लेकर 9 तक में निवासरत बड़े झाड़ के जंगल में कई वर्षों से काबिज लोगों को वन अधिकार पट्टा दिलाने व प्रधानमंत्री आवास का लाभ दिलवाने के लिए नियम में संशोधन का प्रावधान लाने का आग्रह किया। इस पर उपमुख्यमंत्री ने कहा कि फॉरेस्ट लैंड होने के कारण यह केंद्र सरकार का मामला है। लोगों के लिए प्रधानमंत्री आवास कैसे मिले, इसके लिए सरकार चिंतित है। आगामी दिनों में संपत्ति कर एवं बिजली बिल के आधार पर प्रधानमंत्री आवास दिलवाने का आश्वासन दिया। कार्यशाला में पार्षद राजा पवार, सीएमओ यशवंत वर्मा, सब इंजीनियर परमेश ध्रुव उपस्थित थे।

# जिले के टॉप टेन में नम्रता ने 5वां स्थान बनाया

- जीजामगांव स्कूल की छात्रा ने 12वीं में 91.40 प्रतिशत अंक अर्जित किया

हरिभूमि न्यूज ⏭जीजामगांव





हायर सेकेंडरी स्कूल जीजामगांव में कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम 86.47 प्रतिशत रहा। नम्रता पिता संतराम साहू ने 91.40 प्रतिशत के साथ प्रथम, चेतना पिता ताराचंद साहू 82 प्रतिशत द्वितीय एवं साक्षी पिता होरीलाल महिलांगे 80.20 प्रतिशत के साथ कक्षा में तृतीय स्थान पर रहे। दसवीं का परीक्षा परिणाम 59.18 प्रतिशत रहा जिसमें टिकेश्वरी पिता विरेंद्र निषाद 86.66 प्रतिशत लेकर कक्षा में प्रथम, दीपशिखा पिता रामाकांत करसायल 83.50 प्रतिशत द्वितीय एवं मुस्कान पिता गंगाप्रसाद मिश्रा 83.17 प्रतिशत के साथ कक्षा में तृतीय रहे। कक्षा 12वीं की छात्रा नम्रता पिता संतराम साहू ने जिले के टॉप टेन में 5वां स्थान प्राप्त किया।

शाला विकास प्रबंधन समिति के अध्यक्ष शुभमदास बघेल, सदस्य अरुण साहू, भोजराज साहू, होरीलाल साहू, सरपंच देवचरण चंद्राकर, योगेशपुरी गोस्वामी, प्राचार्य केपी साहू, परीक्षा प्रभारी एलआर साहू एवं स्टाफ ने सभी उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं के उज्वल भविष्य की कामना की है।

# पुराना गोदाम को तोड़कर नया बनाने की मांग

- मेघा सोसाइटी में किसानों ने अनेक विषयों पर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड





वृहत्ताकार कृषि सहकारी साख मर्यादित समिति मेघा मगरलोड की बैठक प्राधिकृत अधिकारी संतोष सोनी की मौजूदगी हुई। बैठक में किसानों ने अपने शेयर के बारे में जानकारी ली। लेन-देन की सुविधा मेघा में हो। समय पर खाद की उपलब्धता रहे। खरीब फसल के लिए मानक बीज मिले। सोसाइटी के पुराने गोदाम को तोड़कर नवीन निर्माण कार्य के लिए शासन को प्रस्ताव भेजने पर चर्चा की गई।

बैठक में जिला पंचायत सहकारिता सभापति प्रतिनिधि डेमू राम साहू, मेघा पंचायत सहकारिता सभापति श्रीमती सोहद्रा साहू, मेघा उपसरपंच व कृषक छत्रपाल साहू, कृषक योगेश्वर साहू, वेदूराम साहू, कृष्णा साहू, संतोष साहू, खम्हन गुप्ता, विशाल निषाद, भूषण निषाद, दीनदयाल साहू, शिव निषाद, ओंकार साहू, पवन साहू सहित मेघा, सेन्हाभाठा, खैरझिटी के कृषक उपस्थित रहे।

# सशिमं की छात्रा धनश्री दसवीं में प्रथम रही



हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

सरस्वती शिशु मंदिर मगरलोड के कक्षा 10वीं में अध्ययनरत नपं भैसमुंडी मगरलोड के वार्ड क्रमांक 9 निवासी सेवानिवृत मायाराम साहू की नातिन धनश्री साहू ने हाईस्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा में 94.16 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। दुर्गाशंकर साहू, लीलाराम साहू, कमलेश साहू, मैंनसिंग हिरवानी, प्रधानाचार्य अशवंत ध्रुव, वेदु साहू धनश्री के घर पहुंचकर उन्हें शुभकामनाएं दी हैं। धनश्री की इस उपलब्धि पर दिनेश्वरी साहू, मयाराम साहू, दुर्गा साहू, संतोष साहू, झामिन साहू, खूबचंद साहू, गीतेश्वर साहू, रेणुका साहू समेत अनेक लोगों ने हर्ष व्यक्त किया है।

# कुरूद भाजपा मंडल की कमान अध्यक्ष कृष्णकांत को मिली

- भाजपा कुरुद विधानसभा के चारों मंडल कुरुद, भखारा, सिर्री एवं मगरलोड की कार्यकारिणी सूची जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद









भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंह देव के निर्देशानुसार प्रदेश महामंत्री रामू रोहरा एवं राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य एवं विधायक कुरूद अजय चंद्राकर के मार्गदर्शन पर जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस ने कुरूद विधानसभा के चारों मंडल अध्यक्षों द्वारा अनुशंसित पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी का अनुमोदन कर सूची जारी की है जिसके मुताबिक कुरूद भाजपा मंडल की कमान अध्यक्ष कृष्णकांत साहू के हाथों में होगी लेकिन सहयोग के लिए चार उपाध्यक्ष बनाए गए हैं जिनमें निर्मला साहू बानगर, धनेश्वरी निर्मलकर राखी, दुलेश्वर ध्रुव चर्रा, भोज साहू बगौद, शामिल हैं। अटंग के कोमल शुक्ला को कोषाध्यक्ष और कुरूद के प्रभात बैस एवं कुहकुहा के हरिनारायण साहू को महामंत्री तथा भूपेन्द्र सिन्हा कुरूद, ईश्वर निषाद सेलदीप, तारा साहू परखंदा, उर्वशी बांधेकर चरमुड़िया को मंत्री बनाया गया है।

इसी तरह भखारा मंडल अध्यक्ष रवि सिन्हा सिलघट के साथ यशोदा साहू कचना, खिलेश्वरी बैस सिहाद, नितेश सिन्हा चरोटा, ऋषि साहू रामपुर को उपाध्यक्ष एवं चोवाराम साहू कोर्रा को कोषाध्यक्ष, गौतम जैन भखारा, एवन साहू भेण्डरवानी को महामंत्री तथा मुकेश साहू जोरातराई को मंत्री बनाया गया है। सिरी मंडल अध्यक्ष लोकेश साहू फुसेरा की सहयोगी टीम में शंकुतला देवांगन चारभाठा, नारायण साहू, नागेश साहू, कामिनी साहू चिंवरी को उपाध्यक्ष, केवल चंद्राकर सिवनीकला को कोषाध्यक्ष तथा भाजपा की राजनीति में तेजी से अपनी जगह बनाने वाले थानेश्वर तारक गोजी एवं गौरव भोसले खुरसेंगा को महामंत्री बनाया गया है। जबकि पूरण घृतलहरे अछोटी, हेमलाल यादव खर्रा, दुर्गा साहू भैंसमुंडी, वंदना ध्रुव सिरी को संगठन मंत्री का दर्जा दिया गया है।

इसी प्रकार मेघा मंडल अध्यक्ष कल्याण राजपूत की कैबिनेट में हृदयराम साहू, लेखन साहू, निर्मला वर्मा, वीणा सोनबेर को उपाध्यक्ष और संतोष सोनी, कोषाध्यक्ष प्रीतम देवांगन, कुशलकांत साहू, महामंत्री तथा चंद्रहास साहू, ईश्वरी साहू, श्रवण निषाद, लोकेश्वरी पटेल को मंत्री बनाया गया है। सभी मंडल में 46-46 कार्यकर्ताओं को कार्यकारिणी सदस्य बनाकर पार्टी संगठन को चुस्त दुरुस्त और कारगर बनाने का दायित्व सौंपा गया है।

# विद्यार्थियों को मिल रही ऑन जॉब ट्रेनिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी




पीएमश्री शासकीय श्रृंगी ऋषि उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय नगरी के विद्यार्थी व्यावसायिक प्रशिक्षक मोनिका सिन्हा एवं शाला के प्राचार्य एसके प्रजापति के मार्गदर्शन में ग्रीष्मकालीन अवकाश में मोक्षदा चॉइस सेंटर छिपली नगरी में कुंदनलाल साहू के दिशा-निर्देश में ट्रेनिंग ले रहे हैं।

इस दौरान विद्यार्थियों को कंप्यूटर से संबंधित विभिन्न कार्यों के बारे में सिखाया और बताया जा रहा है जैसे प्रिंट आउट निकालना, एमएस ऑफिस में कार्य करना, हिंदी टाइपिंग करना। इस कार्यक्रम में कक्षा 9वीं से लेकर 12वीं तक के आईटी ट्रेड के कुल 81 विद्यार्थी भाग ले रहे हैं। वर्ष 2016 से नवीन व्यावसायिक विषय प्रारंभ हुआ है जहां बच्चों को हुनर से शिखर तक पहुंचाने का प्रयास करते हैं। ये छात्र व्यावसायिक ट्रेड आईटी के हैं जो ऑन जॉब ट्रेनिंग द्वारा नई-नई चीजों को सीखते हैं तथा उनके रोजगार और स्वरोजगार के लिए प्रेरित करते हैं।

# समर कैंप में छात्रों ने लोशु ग्रिड अंक के बारे में जाना

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी



साहू सदन नगरी में इन दिनों अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ तहसील साहू समाज नगरी द्वारा समर क्लास चलाई जा रही है। चतुर्थ दिवस के अतिथि लोमश प्रसाद साहू, कौशल प्रसाद साहू, निशा साहू, शशिकला बैरागी, तुलाराम साहू थे। निशा साहू द्वारा मेडिटेशन क्लास के साथ योगा क्लास ली गई। योग के विभिन्न आयाम प्राणायाम, आसन, नियम के बारे में बताया गया जिनका लाभ 60 छात्र-छात्राओं ने लिया। निशा साहू ने योग के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि योग से हमारा शरीर स्वस्थ रहता है। यह मन और शरीर दोनों के लिए लाभदायक है। मास्टर ट्रेनर कौशल प्रसाद साहू ने लोशु ग्रिड अंक बनाना सिखाया। चुलेश्वर साहू, प्रवीण साहू, सागर साहू, वैभव साहू, तेजस्वी साहू, हिमांशी साहू, निरंजना साहू, तेजस्वी साहू, खुशी साहू, प्रतिमा साहू अंक ज्योतिष में रुचि ले रहे थे। इस दौरान कुमारी कल्याणी साहू, विरेंद्र कुमार साहू का जन्मदिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का संचालन यशपाल साहू व आभार प्रदर्शन लोचन कुमार साहू ने किया।

छग कोसरिया यादव समाज के वार्षिक अधिवेशन में नए पदाधिकारी चुने गए

# एकता से आएगा समाज में बदलाव : गोवर्धन

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी



सिहावा क्षेत्र कोसरिया यादव समाज का दो दिवसीय वार्षिक अधिवेशन यादव समाज भवन सिहावा में हुआ। कार्यक्रम में वरिष्ठ समाज सेवक सुखचंद यादव को सभापति मनोनीत किया गया। जयराम यादव ने अध्यक्षता की।

इस अधिवेशन में अतिथि जिला संरक्षक अनिल यादव, सचिव योगेश यादव, चिकली क्षेत्र अध्यक्ष मोतीराम यादव, सलोनी क्षेत्र अध्यक्ष पतिराम यादव, अश्वनी यादव, चिरंजीव यादव, दुकलाल यादव, अंकालु यादव, मन्नूलाल यादव, सर्व यादव समाज अध्यक्ष नंद यादव, कोसरिया यादव समाज नगरी क्षेत्र के अध्यक्ष दीनदयाल यादव, सचिव चंद्रभान यादव भागोलीराम यादव, गैंदु यादव, सुनाराम यादव, जयराम यादव थे। वेदिका, रेणुका, उषा यादव ने स्वागत गीत गया। रीना यादव, डिम्पी यादव ने कृष्ण रासलीला की।

2024 की मेधावी छात्रा पुष्पाजलि यादव पिता शिव कुमार बिरगुड़ी को पुरस्कृत किया गया। सिहावा क्षेत्र की नई कार्यकारिणी का गठन हुआ। सिहावा क्षेत्र महासभा के अध्यक्ष गोवर्धन यादव मनोनीत हुए। उपाध्यक्ष जीवन यादव गोरेगांव, उपाध्यक्ष सरवन यादव गिधावा (बेलर), संगठन मंत्री डीके यादव तुमड़ीबहार, सचिव गैन्दलाल यादव सिहावा, सहसचिव रामकुमार जबर्रा, कोषाध्यक्ष सदाराम यादव मुनईकेरा, संरक्षक जयराम यादव, जसवंत यादव, सलाहकार ग्वालराम यादव, सुनाराम, अंकालु यादव, मंदिर पुजारी धनीराम यादव बनाए गए। महिला संगठन को बढ़ावा देने समाज के पदों पर सेवा दे चुकी सशक्त महिलाओं को मौका मिला। अध्यक्ष देवकुवर यादव हिंछापुर सांकरा, सचिव मीनाक्षी यादव तुमड़ीबहार, संगठन मंत्री डीके यादव बनाए गए।

अध्यक्ष गोवर्धन यादव ने कहा कि समाज की एकता से होगा बदलाव। अब धीरे-धीरे नई पहल करने से युवाओं के साथ ताकत मिलेगी। नए पदाधिकारियों के पद ग्रहण करने पर श्रवण यादव, सुरेश यादव, कृष्णा यादव, कचरु राम यादव, सियाराम यादव, रामदयाल यादव, हरीश यादव, अमृत यादव, गजान्द यादव, अश्वनी यादव, देवव्रत यादव, निरंजन यादव ने शुभकामनाएं दी है।

# व्यावसायिक प्रशिक्षकों ने पूर्व विधायक को बताई समस्याएं



हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

छत्तीसगढ़ नवीन व्यावसायिक प्रशिक्षक कल्याण संघ के नेतृत्व में जिले के व्यावसायिक प्रशिक्षकों ने रंजना साहू पूर्व विधायक से मुलाकात की। उन्हें व्यावसायिक प्रशिक्षकों की समस्याओं को अवगत कराया। श्रीमती रंजना ने उनकी समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और मुख्यमंत्री के सामने व्यावसायिक प्रशिक्षकों की बातों को रखने का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर छग नवीन व्यावसायिक प्रशिक्षक कल्याण संघ जिला इकाई के अध्यक्ष हेमंत साहू, उपाध्यक्ष रमाकांत सिन्हा, उपाध्यक्ष अंकिता चौधरी, धीरज चंद्राकर समेत अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### शराब पीने की सुविधा दी हुई कार्यवाई

**कांकेर।** बांदे पुलिस ने छापामार कार्यवाही करते हुए 7 मई को आरोपी पीव्ही 85 निवासी 42 वर्षीय मनोरंजन हलादार को पकड़ा। आरोपी के कब्जे से एक लीटर क्षमता वाली प्लास्टिक बाटल में भरी हुई 130 एमएल देशी महुआ शराब कीमती 35 रूपएं व तीन नग डिस्पोजल को जब्त कर धारा 36 (सी) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। दूसरी कार्यवाही में आरोपी ईरपानार स्पपन सरन्वा के घर परछी में 7 मई को छापामार कार्यवाही किया। मौके पर आरोपी अवैध रूप से पैसा कमाने के लिए लोगो को शराब पीने के लिए जगह व सुविधा दे रहा था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 36 (सी) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया।

### नाबालिग ने फांसी लगाकर दी जान, कारण अज्ञात

**कांकेर।** ताड़ोकी थानांतर्गत 17 वर्षीय योगिता दर्रो ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मंगता साल्हेटोला निवासी राजकुमार दर्रो ने पुलिस को बताया कि मृतिका ने 7 मई को अज्ञात कारणों के चलते अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या किया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### शिवानी और गीतिका ने विद्यालय का नाम रोशन किया

**चारामा।** सेजेस हिंदी माध्यम विद्यालय जेपरा का कक्षा 10 वीं और 12वीं का बोर्ड परीक्षा परिणाम घोषित हुआ। विद्यालय ने इस वर्ष उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कक्षा 10 वीं में 75 और कक्षा 12 वीं में 100 प्रतिशत परिणाम हांसिल किया। दसवीं में शिवानी ने 85.16 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा 12 वीं में गीतिका ने 86.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया और विद्यालय का नाम गौरव से ऊंचा किया।

अधिवक्ता संघ का हुआ शपथ ग्रहण एवं सम्मान समारोह

# न्याय दान में कुरुद सबसे बेहतर है : अजय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद



कुरुद के रेस्टहाउस में आयोजित अधिवक्ता संघ के शपथ ग्रहण व सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि विधायक अजय चन्द्राकर की उपस्थिति में नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति चंद्राकर ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

इस दौरान मुख्य अतिथि विधायक श्री चंद्राकर ने कहा कि कुरुद क्षेत्र न्याय दान में प्रदेश में सबसे बेहतर है, यहां समय पूर्व सारी व्यवस्था उपलब्ध हो गई है। न्यायालय स्थापना के साथ ही कानून के छात्रों के लिए एलएलबी की कक्षाएं भी शुरू हो गई हैं, जो क्षेत्र के लिए मिल का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्रवासियों को न्याय के लिए भटकते देख मैंने कुरुद में व्यहार न्यायलय की स्थापना कराई, अब डीजे लिंक कोर्ट की तैयारी हो रही है, ताकि लोगों को स्थानीय स्तर पर न्याय सुलभ हो सके, लेकिन इन तमाम प्रयासों में कोर्ट खुलने से हितधारकों का एक प्रबुद्ध वर्ग का कोई सहयोग नहीं रहा। यह एक विचारणीय तथ्य है।

अध्यक्षता कर रहीं नपं अध्यक्ष ज्योति भानु चंद्राकर ने नगर विकास में सभी को सहभागिता देने की बात कही। संघ के संरक्षक अधिवक्ता एलपी गोस्वामी ने अपने पचास वर्ष के विधि सेवा कार्यों का अनुभव साझा करते हुए कुरुद क्षेत्र में न्यायिक संस्थान स्थापित करने के लिए विधायक का आभार जताया जिसका अधिवक्ता संघ द्वारा शॉल श्रीफल से सम्मान किया गया। अध्यक्ष रमेश पांडेय ने संघ के हितों के लिए मांग पत्र का वाचन करते हुए अपनी बात रखी।

इस मौके पर न्यायिक कर्मचारी प्रांतीय अध्यक्ष नागेंद्र सिंग मौर्य, विधायक प्रतिनिधि भानु चन्द्राकर, सुरेश महावर, रामनरायण शर्मा, जमाल रिजवी, यशवंत साहू, रामेश्वर साहू, संतकुमार, कमलादेवी, राजेश पांडेय, अजय तिवारी, ऋतु, गोदावरी, मधु, अन्नू तिवारी, आशीष शर्मा, इमरान बेग, योगेंद्र सिन्हा, मनोज अग्रवाल, एचपी शर्मा, प्रशांत, राजीव शुक्ला, प्रशांत नायडू, देव, थानेश्वर साहू, दुर्गेश द्विवेदी, राजेश चैनवानी, नरेश बजाज, रविन्द्र पांडेय, मंजीत श्रीवास्तव, योगेश गुरुजी, विनोद सचदेव, हित्तु मानिकपुरी सहित न्यायलयीन कर्मचारी एवं अधिवक्तागण उपस्थित थे।

## भाजपा नगरी मंडल की कार्यकारिणी घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी





भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव के निर्देशानुसार प्रदेश महामंत्री रामू रोहरा एवं राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य एवं विधायक कुरूद अजय चंद्राकर के मार्गदर्शन पर पर प्रकाश बैस भाजपा जिलाध्यक्ष ने नगरी मंडल के पदाधिकारियों की सूची जारी की है। अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा मंडल, उपाध्यक्ष नरेंद्र सिंह,सेन, गुरु प्रसाद साहू , प्रवीण गुप्ता, अंबिका ध्रुव , मंत्री कमलेश साहू, दीनदयाल सेन, संतोष ठाकुर, चमेली साहू ,कोषाध्यक्ष अंचला यदु, सोशल मीडिया प्रभारी दानवीर मरकाम, आईटीसेल प्रभारी निखिल नेताम, सुलोचना, कामिनी साहू , विभा राजपूत, इंदुमती साहू बनाए गए। कार्यकारिणी सदस्यों की भी नियुक्ति की गई। इनकी नियुक्ति पर अध्यक्ष जिपं धमतरी अरुण सार्वा ,वरिष्ठ भाजपा कर्यकर्ता रवि दुबे, पूर्व नपं अध्यक्ष नगेंद्र शुक्ला, जपं अध्यक्ष महेश गोटा, जपं उपाध्यक्ष हृदय साहू, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष विकल गुप्ता, नगर उपाध्यक्ष विकास बोहरा, पूर्व नगर उपाध्यक्ष अजय नाहटा, पूर्व मण्डल अध्यक्ष मोहन नाहटा, जिला महामंत्री कमल डागा, सभापति अश्विनी, राजा पवार, शुभम, रतनू निषाद, खिलेश लहरे, यशवंत कुंजाम, हरिनारायण, युगल साहू, देवचरण, गोलू मंडावी, आशकरण पटेल, अशोक संचेती, महेश नेताम, अकबर कश्यप, मोहन मानिकपुरी, गुरुप्रसाद, राजू गोसाई ने हर्ष व्यक्त किया है।

# मेरिट लिस्ट में आए सौरभ और समीर का कलेक्टर ने किया सम्मान

- मुंह मीठा कराकर शुभकामनाएं दीं, हौसला बढ़ाया
- पालकों को हरसंभव सहायता का आश्वासन भी दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



कक्षा 10वीं के घोषित परीक्षा परिणाम में राज्य की मेरिट लिस्ट में धमतरी जिले के दो विद्यार्थी सौरभ और समीर भी शामिल हैं। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने इन दोनों विद्यार्थियों को कार्यालय में बुलाकर सम्मानित किया। अपने परिजनों के साथ आए इन दोनों विद्यार्थियों को कलेक्टर ने इस उपलब्धि के लिए बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने दोनों विद्यार्थियें को मिठाई भी खिलाई और गिफ्ट देकर उनका उत्साह बढ़ाया। कलेक्टर ने बच्चों के साथ आए पालकों डोमन जोशी और भुवन साहू का भी हौसला बढ़ाया। कलेक्टर ने कहा कि बच्चों की पढ़ाई के लिए प्रशासन द्वारा हरसंभव मदद की जाएगी। श्री मिश्रा ने बच्चों की मांग पर दोनों स्कूलों में विज्ञान विषय के शिक्षकों की पर्याप्त संख्या में नियुक्ति करने के भी निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी टीआर जगदल्ले को दिए।

उल्लेखनीय है कि बुधवार को छग माध्यमिक शिक्षा मण्डल ने 10वीं और 12वीं कक्षा के परिणाम घोषित किए। कक्षा 10वीं में कुरूद और मगरलोड विखं के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले दो विद्यार्थियों सौरभ जोशी और समीर साहू ने राज्य की प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त किया है। मगरलोड विकासखण्ड के बुड़ेनी शाउमावि के छात्र सौरभ जोशी ने 98.37 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश 6वां और कुरूद विखं के चरमुड़िया शाउमावि के छात्र समीर साहू ने 97.83 प्रतिशत अंकों के साथ 9वां स्थान प्राप्त किया है।

सौरभ बुड़ेनी निवासी डोमन जोशी और श्रीमती सीमा जोशी के पुत्र हैं। सौरभ ने अपनी सफलता का श्रेय विद्यालय के शिक्षकों को दिया है। भविष्य में सौरभ इंजीनियरिंग के क्षेत्र में कुछ अच्छा करना चाहते हैं। उन्होंने कलेक्टर को बताया कि वे आगे जेईई की तैयारी कर किसी अच्छी ब्रांच में इंजीनियरिंग करेंगे। चरमुड़िया निवासी समीर साहू, भुवन साहू और श्रीमती देहुति साहू के पुत्र हैं। समीर ने पूछे जाने पर कलेक्टर श्री मिश्रा को बताया कि भविष्य में वे प्रशासनिक सेवा के लिए यूपीएससी-पीएससी की परीक्षाओं की तैयारी करेंगे।

# खम्हरिया के समाधान शिविर में आठ हजार से अधिक आवेदनों का निराकरण

- 38 आवेदन लंबित, 75 हितग्राहियों को मिला शासकीय योजनाओं का लाभ
- कमिश्नर बोले : आमजनों की परेशानियां खत्म करने सरकार आपके द्वार पहुंच रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



धमतरी विकासखण्ड के खम्हरिया में समाधान शिविर का आयोजन हुआ। इस दौरान सुशासन तिहार में मिले मांग, शिकायत और समस्या संबंधी कुल 8 हजार 148 आवेदन की जानकारी दी गई। इनमें से से 7 हजार 990 आवेदन मांग और 158 आवेदन शिकायत से संबंधित थे। प्राप्त आवेदनों में से 8 हजार 110 आवेदनों का निराकरण कर दिया गया है। समाधान शिविर में 75 हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित भी किया गया। रायपुर संभागायुक्त महादेव कावरे ने लोगों से संवाद करते हुए कहा कि सुशासन तिहार शासकीय योजनाओं की जमीनी हकीकत जानकर आम लोगों की परेशानियों को कम करने और उन्हें अधिक से अधिक लाभान्वित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है। संभागायुक्त ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सहित पूरी सरकार, अधिकारी-कर्मचारी गांव-गांव तक पहुंच रहे हैं। उन्होंने इस दौरान अधिकारियों से खम्हरिया क्लस्टर में मिले आवेदनों के निराकरण की भी जानकारी ली और कई शासकीय योजनाओं के बारे में बताया। श्री कावरे ने ग्रामीणों से पीएम आवास योजना, महतारी वंदन योजना, आयुष्मान योजना, श्रम विभाग की योजनाओं से लेकर राशन कार्ड, सामाजिक सुरक्षा पेंशन तक की जानकारी ली। उन्होंने ग्रामीणों को जल संरक्षण के लिए शपथ भी दिलाई और कहा कि गर्मी के दिनों में धान की बजाय किसी अन्य दलहन-तिलहन की फसल लगाने से पानी की बचत होगी, बिजली की बचत होगी और इससे किसानों का पैसा बचेगा। श्री कावरे ने यह भी बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना का सर्वे अब 15 मई तक बढ़ा दिया गया है, इसीलिए जो भी व्यक्ति अभी तक अपना नाम दर्ज नहीं करा पाये हैं और इस योजना से वंचित हैं, वे सभी प्राथमिकता से सर्वे में शामिल हों। जिला पंचायत सदस्य श्रीमती कविता बाबर ने कहा कि सरकारी योजनाएं लोगों के विकास के लिए हैं और उनका अधिक से अधिक लाभ लिया जाना चाहिए। उन्होंने शासकीय योजनाओं के अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करने और लोगों को उनकी जानकारियां देने की भी बात कही। समाधान शिविर को जनपद सदस्य श्रीमती भारती साहू, श्रीमती भागेश्वरी साहू ने भी संबोधित किया।

# जिला रेडक्रॉस सोसाइटी ने मनाया विश्व रेडक्रॉस दिवस

- पेंटिंग प्रतियोगिता में डॉ शोभाराम देवांगन स्कूल की पलक प्रथम रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी





जिला रेडक्रॉस सोसाइटी ने विश्व रेडक्रॉस दिवस मनाया। मुख्य अतिथि महापौर रामू रोहरा, विशिष्ट अतिथि रेडक्रॉस चेयरमैन श्रीमती प्राप्ति वाशानी थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अबिनाश मिश्रा ने की। 8 मई को विश्व रेडक्रॉस दिवस के उपलक्ष्य में सीएमएचओ बिल्डिंग में जिला रेडक्रॉस सोसाइटी धमतरी द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम जैसे नृत्य, पेंटिंग एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । जिला अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ।

इस कार्यक्रम में धमतरी, कुरूद, मगरलोड एवं नगरी के 120 ब्लॉक काउंसलर एवं स्वयंसेवकों ने भाग लिया। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा, सीएमएचओ यूएल कौशिक, डिप्टी कलेक्टर बी. एक्का के संयोजन एवं मुख्य अतिथि रामू रोहरा की उपस्थिति में रेडक्रॉस के फाउंडर हेनरी डूरेड की प्रतिमा पर दीप प्रजज्वलन कर कार्यक्रम आरंभ किया गया। रामू रोहरा ने अपने उद्बोधन में रेडक्रॉस सोसाइटी के सेवा कार्यों की सराहना की। सीएमएचओ ने रेड क्रॉस द्वारा किए गए सेवा कार्यों का वर्णन किया। चेयरमैन प्राप्ति वाशानी ने रेड क्रॉस के उद्देश्यों तथा सिद्धांतों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में जिला संगठन आकाश गिरी गोस्वामी, राज्य प्रतिनिधि प्रदीप कुमार साहू, वाइस चेयरमैन शिवा प्रधान, कोषाध्यक्ष अवध राम साहू, ब्लॉक काउंसलर मनोज कुमार साहू, जोहर सिंह मंडावी,खोमन लाल साहू, दुष्यंत कुमार सिन्हा, आजीवन सदस्य ऋतु प्रधान, डूमन साहू, प्रेम शंकर चौबे, गोकर्ण यादव ब्लॉक काउंसलर धमतरी, संकेत साहू, नमृता निषाद, श्रीमती ललिता साहू प्रभारी शिक्षक, जया वाशानी, सर्वेश नेताम व मूल संजीवन थे। पेंटिंग प्रतियोगिता में पलक डॉ शोभाराम देवांगन स्कूल प्रथम ,पूजा आचार्य फ्लोरेंस कॉलेज द्वितीय तथा चांदनी साहू रिलायंस कॉलेज ने तृतीय स्थान हासिल किया। निबंध प्रतियोगिता में द्रोण यादव रिलायंस कॉलेज प्रथम, विकास साहू फ्लोरेंस कॉलेज द्वितीय एवं हर्षित सेन डॉ. शोभाराम देवांगन स्कूल तृतीय रहे। समूह नृत्य प्रतियोगिता में फ्लोरेंस कॉलेज प्रथम एवं रिलायंस कॉलेज के ग्रुप ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक भूपेंद्र दास मानिकपुरी, रामकुमार विश्वकर्मा थे मंच संचालन सुरेश कुमार साहू व्याख्याता ने किया।

## गाड़ाडीह में लगी किसान चौपाल, जैविक और व्यावसायिक खेती पर हुई चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

जिले में खेती-किसानी को बेहतर बनाकर लाभ के व्यवसाय के रूप में विकसित करने के उद्देश्य से लगातार किसान चौपाल का आयोजन किया जा रहा है। कुरूद विकासखण्ड के गाड़ाडीह में हुई किसान चौपाल में जैविक तरीके से खेती करने के साथ-साथ ज्यादा लाभ देने वाली व्यवसायिक खेती के बारे में भी चर्चा की गई।

किसान चौपाल में कलेक्टर अबिनाश मिश्रा सहित आसपास के 10 से अधिक प्रगतिशील किसानों ने खेती के अपने अनुभवों को साझा किया। कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि जिले के किसानों को ज्यादा लाभ पहुंचाने, खेती को और बेहतर बनाने से लेकर सरकारी योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ दिलाने के उद्देश्य से ऐसी किसान चौपालों का आयोजन किया जा रहा है। श्री मिश्रा ने बताया कि जिले में लगभग 20 ऐसी चौपालों की योजना बनाई गई है। इन चौपालों में जिले के प्रगतिशील किसान, जो व्यवसायिक रूप से उन्नत खेती कर रहे हैं, को बुलाकर दूसरे किसानों को मार्गदर्शन दिलाया जा रहा है। चौपाल में सीईओ जिला पंचायत श्रीमती रोमा श्रीवास्तव, जिला पंचायत सदस्य नीलम चन्द्राकर, जनपद पंचायत सदस्य महेश ध्रुव, गाड़ाडीह सरपंच श्रीमती अर्चना कश्यप मौजूद रहीं। चौपाल में जिला पंचायत सदस्य और प्रगतिशील किसान नीलम चन्द्राकर ने रबी मौसम में धान के बदले दलहन-तिलहन फसलों की खेती और उद्यानिकी फसलों विशेषकर सब्जी, फूल और फसलों के बगीचे लगाकर ज्यादा मुनाफा कमाने के बारे में बताया। इस अवसर पर उप संचालक कृषि मोनेश साहू, पशुपालन विभाग के डॉ.भूपेन्द्र सिन्हा सहित कृषि, पशुपालन, मछलीपालन, उद्यानिकी विभाग के अधिकारी, सेंटर फॉर एडवांस रिसर्च एंड डेवलपमेंट के मैनेजर कृष्णेन्द्र भी मौजूद रहे।

## कंचन 90.6 प्रतिशत के साथ उत्तीर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



शाउमावि सलोनी के कला संकाय की छात्रा कंचन ध्रुव ने बारहवीं में 90.6 प्रतिशत अंक लेकर शाला परिवार को गौरवान्वित किया है। वह बरबांधा निवासी देवकरण-भोजबाई की पुत्री हैं। इस उपलब्धि पर परिजनों एवं ग्रामीणों ने हर्ष व्यक्त किया है।

## राखी बनीं सरपंच संघ मगरलोड की अध्यक्ष

**मगरलोड।** जनपद पंचायत के सभा कक्ष में 65 सरपंचों की उपस्थिति में सरपंच संघ का गठन किया गया। सर्व सहमति से राखी साहू सरपच खिसोरा को अध्यक्ष मनोनीत किया गया। बुड़ेनी सरपंच खेमू साहू संरक्षक, रांकाडीह सरपंच भोजराम साहू उपाध्यक्ष, हसदा सरपंच ईश्वरी साहू सचिव, लोमेश्वर साहू सरपंच सिंगपुर कोषाध्यक्ष, विमल नेताम सरपंच झाझरकेरा मनोनीत किए गए। फरवरी में पंचायत चुनाव संपन्न होने के बाद सभी सरपंचों को सरपंच संघ के चुनाव की प्रतीक्षा थी।

### बेटे ने पिता के साथ हाथ मुक्का से की मारपीट

**कांकेर।** कन्हनपुरी पति ने पत्नी से रात में खाना मांगा। पत्नी ने खाना खत्म होने की बात कही। इस पर पति पत्नी पर चिल्लाने लगा। पत्नी के ऊपर चिल्लाने से बेटा गुस्सा हो गया। उसने अपने पिता के ऊपर हाथ मुक्का व चूड़ा से मारपीट कर दिया, जिससे पिता को चोट आ गई। पिता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया है। कांकेर थाना में शिकायत करने पहुंचे कन्हनपुरी निवासी 49 वर्षीय सुरेश कुमार कुंजाम पिता स्व. प्रेम सिंह कुंजाम ने पुलिस को बताया कि खेती किसानी का काम करता हूं। 7 मई की रात 11 बजे अपने घर में खाना खाकर टीवी देख रहा था। तभी मुझे और खाना खाने का मन किया। अपनी पत्नी को बोला कि और खाना हो तो दे दो। मेरी पत्नी बोली कि खाना खतम हो गया है।






**खबर संक्षेप**



## सीएचसी बकावंड में मना विश्व रेडक्रॉस दिवस

**जगदलपुर।** विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर गुरूवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बकावंड एवं इसके अधीनस्थ समस्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में रक्तदान के विषय में रंगोली एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रंगोली स्पर्धा में एनआरसी बकावंड के गीता राव, रजविंदर कौर, हेमलता बंजारे प्रथम और दिपिका नेताम, पूनम द्वितीय रहे। पोस्टर प्रतियोगिता में डॉ. गौरव ध्रुव, आशिया बानो प्रथम, सुनीता कोष्टा, संतोषी कश्यप एवं रितु साजन द्वितीय पुरस्कार जीता। बीएमओ बकावंड डॉ. हरीश मरकाम ने सभी विजेताओं को पुरस्कार दिया गया एवं रेडक्रॉस, रक्तदान विषय में व्याख्यान दिया। सीएचसी बकावंड के साथ ही समस्त पीएचसी करपावंड, कचनार, मालगांव, जैबेल, मंगनार, कोलावल में भी इस अवसर पर स्पर्धा और कार्यक्रम आयोजित किया गया।

## ईलाज के दौरान युवक की मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** गुरूर थानांतर्गत ग्राम घोघोपुरी निवासी 23 वर्षीय दुर्गेश ठाकुर का ईलाज के दौरान 3 नवंबर को डीकेएस अस्पताल रायपुर में मौत हो गया। अस्पताल के वार्ड बॉय ने कांकेर थाना में अस्पताली मेमो पेश कर बताया कि मृतक का ईलाज के दौरान मौत होने की जानकारी दिया। कांकेर पुलिस ने जीरों में मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

## सरकार की बढ़ती लोकप्रियता से घबराए विपक्षी दल : सुब्रतो

**जगदलपुर।** वर्तमान में जो सरकार छत्तीसगढ़ में चल रही है,वह सभी की सरकार है,अगर किसी को लगता है की कुछ समस्याओं की तरफ प्रशासन का ध्यान आकृष्ट करवाना है तो आवेदन के माध्यम से ही संभव है। भाजपा नेता सुब्रतो विश्वास ने कहा जितने आवेदन प्राप्त हुए है,उनका निराकरण लगभग 85 प्रतिशत किया गया शेष आवेदन जिसके लिए राशि स्वीकृत होने की जरूरत है,कुछ मामले में जिनका न्यायालय में प्रकरण लंबित है,ऐसे मामलो का निराकरण नहीं हो पाया,जो जल्द निराकृत किया जाएगा।हां विष्णु देव साय की सरकार बड़ी पारदर्शिता के साथ जनता के हित में काम करना पड़ रहा है।सरकार बनने के बाद लगातार पूरी सरकार पूरी प्रशासन जनता के बीच जाकर आवेदन ली,उसके बाद संबंधित विभाग ने मांग,समस्या को निराकृत करने का प्रयास किया। भाजपा नेता विश्वास ने कहा कांग्रेस अध्यक्ष के सुशसान पर दिए बयान को केवल सुर्खिया बटोरने के अलावा और कुछ नही है। उन्होंने कांग्रेस जिलाध्यक्ष को नसीहत देते कहा यदि उनकी कुछ समस्या थी,तो वे भी सुशासन शिविर के माध्यम से आवेदन दे सकते है।विश्वास ने कहा सरकार की बढ़ती लोकप्रियता से विपक्ष की घबराहट बताया। उन्होंने कहा कि तीसरे चरण में पंचायत वार निराकरण की जानकारी दी जा रही है।

### प्लांट परिसर में उपचारित पानी को स्टोरेज करने 8 लाख लीटर की क्षमता वाली टंकी बनेगी

# एसटीपी के उपचारित पानी से भरेंगे शहर के पांच तालाब, बारहों माह रहेंगे लबालब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

नगर निगम प्रशासन ने तालाबों के अस्तित्व को बचाने कार्य योजना तैयार कर ली है। शहर के 22 तालाबों को संरक्षित करने की दिशा में तेरह तालाबों का सौंदर्यीकरण हो चुका है। शेष बचे हुए तालाबों का सौंदर्यीकरण किया जाएगा। सौंदर्यीकरण के साथ-साथ तालाबों में 12 माह लबालब पानी भरा रहे, इसके लिए प्रयास किया जा रहा है। तालाबों को पाइपलाइन के माध्यम से जोड़कर गंगरेल के पानी से भरा जाएगा। इसके अलावा मुजगहन स्थित सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के उपचारित पानी से शहर के पांच तालाब भरे जाएंगे। परिणाम स्वरूप यह सूखे तालाब 12 माह अब पानी से भरा रहेगा।



नगर निगम महापौर रामू रोहरा एवं एमआईसी सदस्य विजय मोटवानी ने बताया कि पहले चरण में सभी पांच तालाबों को सीवरेज प्लांट के उपचारित पानी से भरा जाएगा। इनमें रत्नाबांधा तालाब, हाटकेश्वर का नागसागर तालाब, मुक्तिधाम त्यागी तालाब, कांटा तालाब, घड़ी चौक का मकई तालाब शामिल है। प्लांट परिसर में उपचारित पानी को स्टोरेज करने के लिए 8 लाख लीटर की क्षमता वाली ओवरहेड टैंक पानी टंकी भी बनाई जाएगी। इसके लिए वर्क आर्डर जारी हो चुका है। काम भी शुरू हो गया है। निगम कमिश्नर प्रिया गोयल ने बताया कि पांच तालाबों को पानी से भरने से भूमि जलस्त्रोत भी बना रहेगा। तालाब की सुंदरता निखरेगी। निस्तारी योग्य पानी रहेगा। खास बात यह है कि ये तालाब गर्मी के मौसम में भी लबालब रहेंगे। प्लांट से निकलने वाला उपचारित पानी प्रतिदिन तालाबों में जाएगा।

उन्होंने बताया कि प्लांट के निर्माण में 30 करोड़ की लागत आई है। इसकी क्षमता 19 एमएलडी है। सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का उद्देश्य गंदे पानी को उपचारित करके निस्तारी योग्य बनाना है। इसके लिए 5 किलोमीटर लंबी पाइप बिछाई जाएगी जिसकी लागत 5:30 करोड़ होगी। उल्लेखनीय है कि शहर में 22 तालाब हैं। आधे से ज्यादा तालाब गर्मियों में सूख जाते हैं जिससे निस्तारी की समस्या उत्पन्न हो जाती है। जमीन का वाटर लेवल नीचे चला जाता है। तालाबों में 12 माह पानी भरा रहेगा तो निस्तारी की समस्या दूर होगी। भूमिगत जलस्त्रोत बना रहेगा। प्लांट से उपचारित पानी का उपयोग कृषि योग्य जमीन के लिए भी किया जा सकता है। इसके लिए कार्य योजना बनाई जा रही है ताकि शहर के आसपास के 100 से 150 एकड़ खेत में सिंचाई का साधन उपलब्ध हो सके।



## राष्ट्रीय कराते में जिले को मिले सात स्वर्ण एवं दो कांस्य पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

रांची झारखंड में आयोजित सेकंड ऑल इंडिया सीको काई राष्ट्रीय कराते प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ से कुल 60 प्रतिभागियों ने भाग लिया। धमतरी कराते डू एसोसिएशन के अध्यक्ष सेंसेई अशोक सिन्हा के मार्गदर्शन में जिले के 11 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। जिले के खिलाड़ियों ने बहुत शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 7 स्वर्ण पदक प्राप्त किया। अंडर 8 वर्ष 25 किग्रा कुमिते (फाइट) में भाव्या साहू ने स्वर्ण पदक, 14 से 15 वर्ष 57 किग्रा कुमिते में वेदांत ध्रुव स्वर्ण पदक, 14 से 15 वर्ष काता वर्ग 68 किग्रा कुमिते में ऋषभ साहू 2 स्वर्ण पदक, जूनियर कैटेगरी 48 किग्रा कुमिते में इशिका चक्रधारी स्वर्ण पदक, वहीं सीनियर वर्ग कुमिते 45 किग्रा में रिया फूटान स्वर्ण पदक, सीनियर 55 किग्रा में कुशमिता साहू ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। सब जूनियर अंडर 10 वर्ष के 40 किग्रा वर्ग में वंश ठाकुर ने कांस्य पदक, अंडर 14 वर्ष के 40 किग्रा वर्ग में युक्ति यादव ने कांस्य पदक पर कब्जा किया। प्रियांशी साहू, आयुष नांदेश्वर व काशिव साहू ने क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। कोच गोविंद राम, हेमन्त चक्रधारी के मार्गदर्शन में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर पदक पर अपना दबदबा बनाए रखा। जिला कराते संघ के उपाध्यक्ष सोहन चक्रधारी, कोषाध्यक्ष विकास दत्ता ने खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर हर्ष जताया है।

## मकई चौक से गोलबाजार तक रात 10 बजे से सजेगी चौपाटी



- महापौर, आयुक्त ने अधिकारियों को स्वच्छता, ट्रैफिक और सुरक्षा की व्यवस्था करने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

महापौर रामू रोहरा के निर्देश पर अब धमतरी शहर में मकई चौक से लेकर गोल बाजार तक हर रात 10 बजे से चौपाटी का आयोजन किया जाएगा, जहां गुपचुप, आइसक्रीम, भेल, जूस समेत विभिन्न ठेले लगाए जाएंगे। इस चौपाटी का उद्देश्य यह है कि शहरवासियों को रात्रि में एक सुरक्षित, स्वच्छ और आनंददायक वातावरण प्रदान करना, साथ ही स्थानीय छोटे व्यवसायियों को व्यापार के नए अवसर उपलब्ध कराना है। महापौर और आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि आयोजन स्थल पर स्वच्छता, ट्रैफिक और सुरक्षा की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। नगर निगम नियमित निरीक्षण कर इस व्यवस्था को बनाए रखेगा। शहर की पहचान बनने जा रही यह रात्रिकालीन चौपाटी न केवल स्थानीय लोगों के लिए एक नया आकर्षण होगी, बल्कि धमतरी की नाइट लाइफ को भी नया आयाम देगी।

## बारिश में खुली ड्रेनेज सिस्टम की पोल, आधा दर्जन वार्डों में भरा पानी

- घुटनों तक पानी भरने से यातायात अवरुद्ध हुआ, पानी निकासी में जुटा रहा ननि अमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

गुरुवार की शाम 4 बजे हुई जोरदार बारिश से शहर के आधा दर्जन वार्डों में पानी भर गया। घुटनों तक पानी भरने से यातायात अवरुद्ध हो गया। शहर के विमल टॉकीज, शिव चौक, बनिया पारा, देव श्री टॉकीज रोड, नेशनल हाईवे मार्ग, कोलकाता फोटो स्टूडियो, बस्तर रोड, आमापारा वार्ड, बांसपारा, गोकुलपुर, बठेना बस्ती आदि ऐसे वार्ड हैं जहां घंटे भर की बारिश से ड्रेनेज सिस्टम की पोल खुल गई। बड़े-बड़े दावे करने वाले वादे खोखले साबित हुए। सिस्टम पूरी तरह से खराब नजर आया। लोगों का मानना है कि बढ़ती जनसंख्या व नालों में अतिक्रमण के चलते धमतरी की यह दुर्दशा हुई है। पानी का जमावड़ा होने से पैदल यात्री





साइकिल सवार, बाइक सवार सहित ऑटो रिक्शा के पहिए थम गए। दो से तीन घंटे तक लोगों को परेशानी हुई। पानी उतरने में घंटे भर का समय लगा। नालियों का पानी सड़क पर आने से रोड में गंदगी नजर आई। असहनीय बदबू से लोग परेशान हुए। गंदे पानी से चलकर गंतव्य तक पहुंचने से अच्छा लोगों ने इंतजार करना मुनासिब समझा और डेढ़ से 2 घंटे तक एक ही स्थान पर खड़े रहे। नेशनल हाईवे मार्ग कोलकाता फोटो स्टूडियो, बस्तर रोड में घुटनों तक पानी भरा रहा। बड़े वाहन आसानी से निकल गए। छोटे वाहन, ऑटो रिक्शा, दोपहिया, बाइक को निकलने में परेशानी हुई। इधर तेज बारिश व वार्डों में जल भराव की स्थिति पर नगर निगम का अमला स्पॉट पर उतरा और पानी का जमावड़ा निकालने मेहनत की। पानी निकासी के लिए ड्रेनेज सुधारने में लग रहे। निकासी के लिए नए रास्ते खोजे गए। मोटर पंप की सहायता से पानी खींचा गया।

## दसवीं में चांदनी रही अव्वल

- मां दंतेश्वरी हाईस्कूल का परीक्षा परिणाम 60 प्रतिशत रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

मां दन्तेश्वरी हाईस्कूल रत्नाबांधा में कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम 60 प्रतिशत रहा। कक्षा दसवीं में प्रथम चांदनी मिश्रा पिता नूरेन्द्र 71.33 प्रतिशत, द्वितीय गायत्री गुप्ता पिता महादेव 70.5 प्रतिशत एवं तृतीय आरती साहू पिता राजेश ने 66.66 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। आचार्य एवं सभी शिक्षकों ने परीक्षा में उत्तीर्ण सभी छात्र छात्राओं के उज्जवल



भविष्य की कामना की। वहीं परीक्षा में असफल हुए छात्र-छात्राओं को निरंतर पढ़ाई एवं कड़ी मेहनत करने को कहा।

इस अवसर पर शिक्षक लीला साहू, मोहन साहू, नूरेन्द्र साहू, वीणा साहू, वर्षा देवांगन, पूर्वी सोनकर, शारदा भूसाखरे, सरिता नेताम, रूपा यादव, ज्योति रामटेके, लोपिता पिद्दा, प्रियंका यादव, भेमिन साहू, भुखीन ध्रुव समेत अन्य मौजूद थे।

## कुंडेल स्कूल में केशव और लेखा रहे अव्वल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड

शाउमवि कुण्डेल मधुबन में कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड का परीक्षा परिणाम 88.2 प्रतिशत रहा। बेटियों ने फिर एक बार बाजी मारकर अपने साथ विद्यालय व माता पिता का नाम रोशन किया है। परीक्षा प्रभारी व्याख्याता ममता साहू ने बताया कि कक्षा 10वीं में केशव 93 प्रतिशत के साथ प्रथम, झरना 85 प्रतिशत के साथ द्वितीय तथा यामिनी 82 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं कक्षा 12वीं में लेखा 75.4 प्रतिशत के साथ प्रथम, चांदनी 72.2 प्रतिशत के साथ द्वितीय तथा नामिका सेन 71 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान पर रही है। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य खिलेश्वरी बनपेला, परीक्षा प्रभारी ममता साहू, दिनेश साहू, ललिता उइके, होमेंद्र साहू, योगेश निषाद, रामेश्वरी साहू, जयप्रकाश टांडे, दीपक, नीलकंठ साहू, देवचरण लक्ष्मी सिन्हा, शिवरतनदास मानिकपुरी, रविकुमार वर्मा, पूर्णिमा नेताम, तेजेश्वरी साहू ने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## गोपालपुरी में 12वीं का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट

- गणित का छात्र लेखेन्द्र 88 .8 प्रतिशत के साथ अव्वल रहा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

डॉ. हजारी लाल जैन शाउमावि गोपालपुरी में इस वर्ष बारहवीं का परिणाम 94.59 प्रतिशत रहा। कुल 37 छात्र में 35 उत्तीर्ण रहे, 2 छात्र को पूरक मिला। गणित के छात्र लेखेन्द्र कुमार साहू पिता सुरेश कुमार साहू ने 88.8 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय तुषार साहू पिता नीलमणि 86.6 प्रतिशत, तृतीय लेखराज साहू पिता देवकराम 82.8 प्रतिशत रहे।

विशेष बात यह रही कि नौ स्काइट गाइड के छात्र राज्यपाल पुरस्कार के बोनस 10 अंक अर्जित किए, जिससे उनके प्रतिशत में दो प्रतिशत की वृद्धि हुई। कक्षा दसवीं बोर्ड में 76.74 प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण रहे। कुल 43 छात्रों में 33उत्तीर्ण हुए। 1 को पूरक मिला।

पायल पिता पोखनलाल ने 94.6 प्रतिशत के साथ प्रथम, द्वितीय लक्ष्मी पिता 93.33 प्रतिशत, तृतीय पुष्पलता पिता इंद्रकुमार 90.3 प्रतिशत रही। प्रभारी प्राचार्य देवेन्द्र कुमार भारद्वाज के मार्गदर्शन में शिक्षकों ने काफी मेहनत की। फलस्वरूप छात्रों ने प्रतिशत में बढ़ोतरी दर्ज की। शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रामकृष्ण साहू, पूर्व अध्यक्ष गोकुलराम साहू, सरपंच जीवनलाल देवांगन, बोर्ड प्रभारी भावना देवांगन, उर्वशी भगत यादव, मोतीराम साहू, मेवालाल साहू, एसके कोसरिया, दीनदयाल साहू, सुदामाराम पटेल, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष बालाराम साहू, डोमन चंद्राकर, विधायक प्रतिनिधि तिलोचन साहू, शैलबाला साहू, संकुल समन्वयक प्रीतचंद गंगेले ने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## सहायक शिक्षकों ने महापौर का किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

महापौर रामू रोहरा से बीएड प्रशिक्षित सहायक शिक्षकों के प्रतिनिधिमंडल ने पी.डब्ल्यू.डी. रेस्ट हाउस धमतरी में भेंट की। इस अवसर पर 2621 सहायक शिक्षकों की ओर से शिक्षक समायोजन के ऐतिहासिक एवं दूरदर्शी निर्णय पर श्री रोहरा का सम्मान कर आभार व्यक्त किया गया। इस मुलाकात में शिक्षकों ने इस निर्णय को भविष्य निर्माण की दिशा में एक बड़ा कदम बताया। शिक्षकों ने यह विश्वास भी व्यक्त किया कि शिक्षा के क्षेत्र में इसी तरह के सकारात्मक निर्णय आगे भी जारी रहेंगे, जिससे प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था और अधिक मजबूत एवं गुणवत्तापूर्ण बनेगी। श्री रोहरा ने आश्वासन दिया कि भाजपा सरकार हमेशा शिक्षकों, युवाओं और छात्र हित में कार्य करती रहेगी।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 17,000/-
8 रात व 9 दिन
EX हरिद्वार
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
18 मई, 04 जून, 16 अगस्त, 06 सितम्बर, 05 अक्टूबर 2025
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
(इन्क्लुड - इनोवा क्रिस्टा, स्विफ्ट डिजायर, टेम्पो ट्रैवलर, होटल, ब्रेकफास्ट एंड डिनर)
राशि:- स्टैंडर्ड पैकेज 17,000/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

### बालक चौक स्थित चार मंजिला निगम काम्प्लेक्स में पार्किंग, पानी नहीं

# करोड़ों के काम्प्लेक्स में सुविधाओं की कमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

बालक चौक के पास स्थित नवनिर्मित चार मंजिला निगम काम्प्लेक्स में सुविधाओं की कमी है जिससे यहां के व्यापारी और ग्राहक परेशान हैं। परिसर में 72 दुकानें बनाई गई हैं जिसमें 24 दुकान संचालित हैं। बाक बची हुए दुकानों को भी सुविधाओं की कमी के चलते व्यापारी किराए से लेने में हिचक रहे हैं। उल्लेखनीय है कि इस परिसर को तोड़कर नया बनाया गया है।



करोड़ों की लागत से बनने वाले इस परिसर में निर्माण के बाद से ही सुविधाओं की कमी है। परिसर में दुकान संचालित कर रहे व्यापारी अशोक नोतवानी, अजय पांडे, अंकित खारिया, रवि सेठ, हर्ष चावला, राहुल, अनिल मोटवानी, तरुण जैन, रमेश जैन, जयप्रकाश अग्रवाल, संतोष समनानी, ओमप्रकाश देवांगन, नरेश लेडनानी ने बताया कि परिसर में पार्किंग की सुविधाएं पर्याप्त नहीं है। पानी की कमी के चलते व्यापारी परेशान हैं। शौचालय तो बना दिया गया है लेकिन पानी की कमी के कारण साफ सफाई का अभाव है। रात में चौकीदार की कमी है। लिफ्ट तो बना दिया गया है लेकिन चालू नहीं किया गया है। परिसर में जगह-जगह कचरा का ढेर है। ग्राहक यहां खरीदी करने नहीं आते जिससे व्यापार कमजोर हो रहा है।

बता दें कि इस काम्प्लेक्स का निर्माण कार्य अर्चना चौबे के कार्यकाल में शुरू हुआ था जिसे बनाने में सालों लग गया। बनने के बाद भी सुविधाओं का अभाव है। 72 दुकान होने के बाद भी महज 24 दुकानों में ही किराएदार हैं। बाकी दुकानें खाली पड़ी हैं। व्यापारियों ने नगर निगम, जिला प्रशासन से मांग करते हुए कहा कि परिसर के सामने हिस्सा खाली कर साफ सफाई की जाए। पानी बिजली, शौचालय, लाइट, चौकीदार की व्यवस्था तत्काल कार्रवाई जाए।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
विशेषताएं- स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020